तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 3 जून 2024


10 एक सिगरेट पीने से 6 मिनट कम हो जाता है ...



08 रविवि ने कहा- बैटरी बैकअप के साथ पहुंचें, मोबाइल ...






## आयोजन : छत्तीसगढ़ निषाद (केंवट) समाज के वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# आचार संहिता हटते ही प्रदेश में फिर सांय-सांय होंगे काम : सीएम साय





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ निषाद (केंवट) समाज के वार्षिक अधिवेशन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि आचार संहिता समाप्त होने के बाद प्रदेश में फिर सांय सांय काम होंगे। उनके इस उद्बोधन के बाद हजारों की संख्या में कार्यक्रम स्थल पर बैठे लोगों ने खिलखिला कर हंसते हुए तालियां बजाते नजर आए। रविवार को जिला ग्राम हीरापुर में आयोजित छत्तीसगढ़ निषाद समाज का वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम हुआ। वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम सुबह 8 बजे से 10 बजे तक ध्वजारोहण, पूजा, अर्चना, कलश यात्रा एवं स्थानीय अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया।

प्रदेश मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आस्था का केंद्र गंगा मैया मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। सीएम साय ने समाज को आगे बढाने में जोर दिया। उन्होंने कहा कि मैं एक छोटे से गांव के किसान का बेटा हूँ। प्रदेश के 3 करोड़ जनता का मुझ पर विश्वास है। उन्होंने कहा कि 100 दिन काम करने का मौका मिला और बहुत काम किया। 18 लाख गरीब परिवार के आवास का स्वीकृति हुई। 2 साल का बकाया बोनस मिला, 3100 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीदी की। जो अंतर की राशि थी, उसे भी दिया गया। महतारी वंदन योजना के तहत करीब 70 लाख माताओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये दिया जा रहा है।

### राकेश ने क्षेत्र के लिए मांगा मेडिकल व कृषि कॉलेज





बालोद। निषाद समाज के सामाजिक सम्मेलन में पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बालोद जिला के जनसेवक रोकश यादव ने ज्ञापन सौंपा। राकेश यादव ने मुख्यमंत्री से भेंटकर बालोद में कृषि महाविद्यालय एवं मेडिकल कॉलेज खोले जाने की मांग की। इस दौरान मुख्यमंत्री से चर्चा के दौरान श्री यादव ने बताया कि बालोद जिले में मेडिकल कॉलेज व कृषि महाविद्यालय की आवश्यकता क्यों है। इस दौरान राकेश यादव मुख्यमंत्री के साथ क्षेत्र के प्रसिद्ध गंगा मईया मंदिर में माता के दर्शन करने भी पहुंचे। वहां मुख्यमंत्री ने माता गंगा मैया को वस्त्र अर्पण किया व प्रदेश की सुख-शांति व समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

### किसी को निराश नहीं होने देगी सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि आचार संहिता हटते ही सब काम को सांय-सांय किया जाएगा, यह सरकार किसी को निराश नहीं होने देगी। छत्तीसगढ़ बहुत धनी प्रदेश है। यहां आयरन, सोना, हीरा और भी खनिज है यह छत्तीसगढ़ धनी राज्य होगा। कार्यक्रम में निषाद समाज द्वारा ग्राम सिवनी में छात्रावास बनाने की मांग की। इसके लिए एक करोड़ रुपये की मांग की। समाज की मांगों को लेकर सीएम साय ने आचार संहिता हटते ही मांग पूरा करने की बात कही। इस दौरान कार्यक्रम में निषाद केंवट समाज प्रदेश अध्यक्ष एवं गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, जिला अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार निषाद सहित समाज के अन्य कई पदाधिकारी मौजुद रहें, इसके साथ ही भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, भाजपा नेता यशवंत जैन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, यज्ञदत्त शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, भाजपा नेता राकेश छोटू यादव सहित अन्य भाजपा कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

# पूर्व सीएम बघेल ने किया प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान



बालोद। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम हीरापुर में रविवार को निषाद (केंवट) समाज का वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल होने पहुंचे, जहां उन्होंने समाज के होनहार बच्चों का सम्मान किया। कक्षा दसवीं व बारहवीं में अच्छे अंक से पास होने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि भीषण गर्मी के बीच निषाद समाज का यह कार्यक्रम और इतनी बड़ी संख्या में समाज के लोगों का आना बहुत बड़ी बात है। नौतपा चल रहा है जून माह में सावधानी बरतें। उन्होंने कहा कि हर समाज मे लड़कियां ज्यादा पढ़ लिख रही हैं। अब लड़के पिछड़ रहे हैं और लड़कियां आगे हो रही हैं। उन्होंने कहा कि इस साल मेरिट लिस्ट में आने वाले विद्यार्थियों में सबसे ज्यादा संख्या स्वामी आत्मानन्द स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की है। हमारे शासनकाल में स्वामी आत्मानंद स्कूल बनाया गया था। अब उन्हीं स्कूलों में शुल्क लिया जा रहा है। शिक्षा के स्तर में भी परिवर्तन आ रहा है, जो दुर्भाग्य की बात है।

### कांग्रेस ने किसानों की स्थिति सुधारने का काम किया

पूर्व सीएम बघेल ने कहा कि हम किसान के बच्चे हैं, हमने किसानों का कर्जा माफ किया। किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने का काम कांग्रेस सरकार में हुआ है। वर्तमान सरकार ने गौठान को भी बंद कर दिया है। कार्यक्रम में पूर्व सीएम भूपेश बघेल के साथ गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा, कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष चन्द्रप्रभा सुधाकर, नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा सहित समाज के पदाधिकारी व समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### पेड़ से टकराया वाहन

बालोद। जिले के सियादेवी मंदिर और रानी माँ मंदिर के मध्य एक टायलेट क्लिनर गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में ड्राइवर और हेल्पर दोनों सुरक्षित हैं। मिली जानकारी के अनुसार सैप्टिक टैंक की सफाई करने वाला वाहन क्रमांक एमएच 20 बीटी 3264 देर शाम सियादेवी मंदिर की ओर से आकर रानी माँ मंदिर की ओर जा रहा था। इसी दौरान अचानक ब्रेक फेल हो गया। उसके गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई, जिससे गाड़ी के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

### सड़क पर रेत, दुर्घटना का शिकार हो रहे राहगीर



बालोद। जिले के झलमला स्थित घोटिया चौक से डौडी के मध्य नवनिर्मित सड़क पर रानी माँ मंदिर के पास अंधे मोड़ पर रेत बिखरी हुई है। इसके कारण अनेक राहगीर दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। ग्राम तालागांव और रानी माँ मंदिर के मध्य स्थित तेन्दु मोड़ सड़क बनने के बावजूद दुर्घटनाओं का कारण बना हुआ है। सड़क बनने के बाद उम्मीद लगाई जा रही थी कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। लेकिन, सड़क बनने के बावजूद सड़क दुर्घटनाओं में कमी नहीं आ रही है। नवीन सड़क के किनारे मोड़ के पास लापरवाह ट्रक चालकों द्वारा रेत सड़क पर डाल दी गई है, जिसके कारण राहगीर मोड़ पर दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं।

### बदली ने दिलाई तेज धूप व गर्मी से राहत

डौंडीलोहारा। रविवार को सुबह से ही बदली का मौसम रहने से तेज धूप व चिलचिलाती गर्मी से लोगों को राहत मिली। परन्तु उमस की अधिकता के कारण से आमजन पसीने से सराबोर होते रहे। इस वर्ष नौतपा की शुरुआत से ही तेज गर्मी व धूप से लोग हलाकान होते रहे। शनिवार को गर्मी व लू ने तो हलकान ही कर दिया था। जहां पंखे व कूलर की हवा भी लू की गर्मी शांत नहीं कर पाया। लोग रात भर बेचैन रहे। परन्तु नौतपा के अंतिम दिन की बदली ने बहुत हद तक राहत दी। नौतपा की झुलसाने वाली धूप व 43-44 डिग्री की गर्मी से आमजन जीवन बुरी तरह से प्रभावित रहा। मानसून की आहट के साथ-साथ लोगों को गर्मी से राहत की उम्मीद बंधी है। बदली के कारण से अन्य दिनों की अपेक्षा लोगों का आवागमन भी ज्यादा रहा। सुबह हल्की बूंदाबांदी भी हुई।

# फुटबाल और कबड्डी में छत्तीसगढ़ ने जीता गोल्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

■ राष्ट्रीय स्पर्धा में देश के 23 राज्यों के खिलाड़ी हुए शामिल

संयुक्त भारत खेल फेडरेशन इंडिया (इंदू श्री आर्गेजनाईशन) के तत्वावधान में 24 से 26 मई तक विभिन्न खेलों का आयोजन जम्मू युनिवर्सिटी जम्मू–कश्मीर में किया गया। इसमें जिले के खिलाड़ियों ने भी भाग लिया। देश के लगभग 23 राज्यों ने अपने-अपने खेलों में भाग लिया, जिसमें छत्तीसगढ़ कबड्डी, फूटबॉल खिलाड़ी ने जम्मू–कश्मीर टीम को फाइनल में हरा कर गोल्ड मेडल विजेता बना और छत्तीसगढ़ राज्य का नाम रोशन किया। खिलाड़ी बृजेश पटेल, संदीप, योगेश यादव, लक्की सिन्हा, टेमन यादव, राकेश पटेल, विकास श्रीवास, मनीराम, टुपेश, वेदप्रकाश, अभय यादव, चंद्रभान साहू, डिलेश यादव, बिरेंद्र कुमार निर्मलकर और कोच लाल कृष्ण देशमुख थे।

# घर घुसकर मारपीट, आरोपी के खिलाफ दर्ज हुआ मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवरीबंगला

■ ग्रामीणों ने की जिलाबदर करने की मांग



लगातार अपराध को जन्म देने वाले सेवंत लाल कश्यप के खिलाफ देवरी थाना में मामला दर्ज हुआ है। वहीं, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के साथ ही जिला बदर किए जाने की मांग पीड़ितों और ग्रामीणों ने की है।

देवरी बंगला थाना प्रभारी ने बताया कि सेवंत बाल कश्यप द्वारा अपराध किए जाने की घटना पर तत्काल मामले पर कार्रवाई की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर शासन के नियमानुसार 7 वर्षों से कम सजा होने की वजह से जमानत मुचलका पर रिहा किया गया। उन्होंने कहा कि अपराध करने वालों को नहीं बख्शा जाएगा, चाहे वह कोई भी हो कितना भी प्रभावशाली हो, अपराध करने वालों पर कार्रवाई अवश्य की जाएगी। उल्लेखनीय है कि 28 मई को प्रार्थी जीवन लाल कश्यप व जीतेश कश्यप ने ग्राम खपराभाट निवासी सेवंत लाल कश्यप (रेलवे चालक) द्वारा रात्रि में जबरदस्ती घर में घुसकर गला दबाने, मारपीट, गाली गलौज करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। प्रार्थियों ने अपनी चारपहिया कार सीजी 17 डी 1740 द्वारा टक्कर मारने का प्रयास करने की भी शिकायत की है। इस पर पुलिस थाना देवरी में आरोपी सेवंत लाल कश्यप के खिलाफ धारा 452 ,294,323,506(बी) तथा 279 का अपराध दर्ज किया गया है। आरोपी ने थाना में ही सभी के सामने प्रार्थी व उनके परिवार वालों को देख लेने तथा उनके नाम पर सुसाइड कर फंसा देने की धमकी दिया है। गैर जमानती धारा दर्ज होने पर जेल जाने के भय से आरोपी सेवंत लाल कश्यप अब तक फरार है। आरोपी द्वारा घटना को अंजाम देने में उपयोग की गई इनोवा कार को पुलिस थाना में जब्त कर लिया गया है। प्रार्थी गण जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग कर रहे हैं।

### पहले भी मामला लंबित

इसके पूर्व 30 अप्रैल 2020 को प्रार्थी ललित देवांगन खपराभाट निवासी के द्वारा भी आरोपी सेवंत लाल कश्यप द्वारा रात्रि में जबरदस्ती घर में घुसकर मारपीट, गाली गलौज धमकी देने के शिकायत पर पुलिस थाना देवरी में आरोपी के खिलाफ धारा 452,354,294,506(बी),323 दर्ज किी थी। यह प्रकरण डौंडीलोहारा जेएमएफसी न्यायालय में लंबित है।

# कमरौद स्थित हनुमान मंदिर में चोरी, मुकुट ले गया चोर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के ग्राम कमरौद में स्थित प्रसिद्ध दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में एक अज्ञात चोर ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

चोर हनुमान जी के सिर पर लगे चांदी के मुकुट सहित कई कीमती सामान और नकदी रकम की चोरी कर फरार हो गया है। घटना शनिवार की रात करीब 9:30 बजे की बताई जा रही है। वहीं इस मामले की जानकारी मिलने पर गुण्डरदेही पुलिस रविवार को मौके पर पहुंची। वहां डॉग स्क्वायड व स्पेशल टीम की मदद लेकर छानबीन करती रही।

मंदिर से आखिर कितने की चोरी हुई है, इसकी स्पष्ट जानकारी गुण्डरदेही पुलिस नहीं बता पा रही है। वहीं चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फूटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि चोर भगवान हनुमान के सिर से चांदी के मुकुट को निकाल रहा है। फिलहाल पुलिस घटनास्थल की छानबीन कर जांच में जुट गई है।

### अंडा क्षेत्र में शराब भट्ठी के पास मिली अधजली लाश



अंडा। अंडा थाना क्षेत्र में 2 किमी दूर रिसामा-फुण्डा मार्ग स्थित शराब भट्ठी और गौठान के पास एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम अंडा के गौठान के तार घेरा के पास अधजली डीकंपोज हो चुकी बॉडी मिली है। पूरे अंडा क्षेत्र के आस पास गांव में सनसनी फैल गई है। घटनास्थल पर अंडा थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। क्राइम और फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम भी मौके पर पहुंच गई। अंडा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए दुर्ग भेजा और आगे जांच में जुट गई।


पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100


### विश्व हिन्दू परिषद ने ली प्रेसवार्ता, सीबीआई जांच व कड़ी कार्रवाई की मांग की

# हिन्दू गौ रक्षक सुजीत की मौत के मामले में की जा रही लीपापोती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



बलरामपुर जिले में हिन्दू गौ रक्षक सुजीत स्वर्णकार की हत्या मामले को लेकर बालोद में विश्व हिंदू परिषद ने प्रेसवार्ता कर संगठन का पक्ष रखा।

प्रदेश उपाध्यक्ष सरल मोदी,जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता,जिला मंत्री राज सोनी, मोनू सोनवानी, उमेश सेन, परस साहू की उपस्थिति में इस घटना व प्रशासन के द्वारा अभी तक की गई कार्रवाई को सही नहीं बताया। उन्होंने कहा कि बलरामपुर जिला में बजरंग दल के सह संयोजक,सुजीत स्वर्णकार की निर्मम हत्या कर दी गई है और प्रशासन द्वारा इस प्रकरण में केवल लीपापोती की जा रही है। विगत 27 मई को संदिग्ध अवस्था में सुजीत स्वर्णकार का शव जंगल में पाया गया था। मृतक के पेट और जांघ में धारदार हथियार से वार किया गया, इस बात का पंचनामा में भी उल्लेख है। उसकी उंगलियां टूटी हुई थीं और गर्दन भी तोड़ी गई थी। उसे हलाल करके अधमरा करने के बाद जीवित शरीर पर विद्युत करंट लगाया गया। इस प्रकार तड़पा–तड़पा कर बर्बरतापूर्वक हत्या करने के बाद उसके शव को जंगल में फेंक दिया गया। साथ ही जिस लड़की की हत्या की गई, उसकी बड़ी बहन को गौ तस्कर सोन-खान का रात को 1 बजे फोन आता है। इससे इस षड्यंत्र की पुष्टि होती है। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि तथ्यपरक जांच होने के बाद इसमें निश्चित इस्लामिक जिहादियों और गौ तस्करों की संलिप्तता की पुष्टि होगी। उन्होंने कहा कि बलरामपुर बजरंग दल जिला सह संयोजक की हत्या एक गहरी साजिश है। यह हिन्दू रक्षकों को हतोत्साहित करने का एक कुत्सित प्रयास है। ▶▶| शेष पेज 09 पर

### दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग

विश्व हिंदू परिषद–बजरंग दल छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार से यह मांग कर रहा है कि ऐसी घटनाओं पर तत्काल कार्रवाई करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। जिलों में हिंदूहितों को लेकर काम करने वाले धर्मसेवकों की हत्या व हमलों पर रोक लगे। प्रदेश के अंदर लव जिहाद, गौ तस्करी व अवैध धर्मांतरण पर रोक लगाने के साथ अवैध प्रार्थना सभाओं पर भी रोक लगे, अन्यथा संगठन अपनी लड़ाई स्वयं लड़ने के लिए तैयार है। अगर ऐसे बड़े मामलों पर आगे कार्रवाई नहीं होती है, तो छत्तीसगढ़ विश्व हिंदू परिषद–बजरंग दल प्रांतव्यापी आंदोलन को बाध्य होगा एवं मंत्रियों का घेराव तथा आवश्यक होने पर मुख्यमंत्री का घेराव भी किया जाएगा। अपनी सुरक्षा के लिए हिन्दू समाज और अपने कार्यकर्ताओं की सुरक्षा के लिए विश्व हिन्दू परिषद प्रतिबद्ध है और हम इसके लिए किसी भी सीमा तक जाने के लिए सक्षम हैं। छत्तीसगढ़ की हवाओं में जो जिहादी जहर घोलने का प्रयास कर रहे हैं, उस पर तत्काल लगाम लगाई जाए और कठोर कानून बना कर सख्ती से उनसे निपटा जाए। ▶▶| शेष पेज 09 पर




## खबर संक्षेप

### गांवों में बनाए जाएंगे महतारी सदन



**अर्जुंदा।** भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पंकज चौधरी ने विष्णुदेव सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में महिलाओं को राजगार दिलाने के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है। अब गांव में ही महिलाओं को कामकाज मिले इसके लिए महतारी सदन बनाए जाएंगे। पंकज चौधरी ने कहा कि अब महतारी सदन के जरिए महिलाओं को रोजगार मिलेगा। पंकज चौधरी ने कहा प्रदेश भर में महिलाओं की ओर से इस संबंध में मांग की जा रही थी, महतारी सदन महिलाओं के उठने, बैठने और एक साथ जमा होने की जगह होगी, महिलाएं अपनी जरूरतों के हिसाब से इसका इस्तेमाल कर सकेंगी, इस योजना के माध्यम से महिलाओं को सशक्त करने का प्रयास है।

### छत पर सो रही महिला के जेवर निकाल ले गया चोर

**अंडा।** थाना अंडा क्षेत्र से 2 किमी दूर नहर नाली के पास स्थित एक घर से अज्ञात चोर ने जेवर एवं मोबाइल सहित 36 हजार रूपए का सामान पार कर दिया। पीड़िता गीतांजली जोशी पति कमलेश जोशी ने इस घटना की रिपोर्ट अंडा थाने में दर्ज कराई है। थाना प्रभारी अंडा श्रध्दा पाठक के मार्गदर्शन में एएसआई सुंदर लाल नेताम मामले की जांच कर रहे हैं। श्री नेताम ने बताया कि गीतांजलि जोशी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात्रि लगभग 10 बजे खाना खाने के बाद अपने पति कमलेश जोशी के साथ मकान की छत पर सोई थी। रात्रि लगभग 3 बजे अचानक मेरे शरीर पर हाथ लगने का एहसास हुआ और मेरी नींद खुल गई। मैंने मेरे पति को उठाया। मुझे पता चला कि मेरे कान में पहनी सोने की रिंग एवं उंगली में पहनी चांदी की अंगूठी तथा खाट पर रखा एक मोबाईल गायब है। उन्होंने कहा कोई अज्ञात चोर दीवार फांदकर अंदर आया और उक्त सभी चीजें चुनाकर भाग गया। चोरी गए जेवर एवं मोबाइल की कुल कीमत लगभग 36 हजार रूपए है। आरोपी के खिलाफ धारा 457, 380 भादविके तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### साफ्टवेयर इंजीनियर के साथ धोखाधड़ी

**भिलाई।** साफ्टवेयर इंजीनियर से आर्मी अफसर बनकर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपु पुलिस ने बताया कि कसारीडीह दुर्ग निवासी गायत्री वर्मा पेसे से साफ्टवेयर इंजीनियर है। अज्ञात मोबाइल धारक ने खुद को आर्मी आफिसर बताकर ओएलएक्स के माध्यम से मकान को किराए के नाम पर पीड़िता से 65 हजार 995 की ठगी किया है। अज्ञात मोबाइल धारक ने पीड़िता का गणपति विहार बोरसी में फ्लैट है। जिसे किराए से देने के लिए ओएलएक्स में डाली थी। 30 मई को पति के मोबाईल पर अज्ञात मोबाइल धारक का वाटसअप कल आया था। काल को पीड़िता ने रिसीव किया गया था। उसने अपना नाम आशीष पहारी आर्मी ऑफिसर बताया था। मकान को किराए मांगकर एडवांस रकम पीड़िता के खाते में ट्रांसफर करने का झांसा देकर खाते का डिटेल पहले मांगा।

### केक लेने गए वृद्ध की लाश झांड़ियों में मिली

**भिलाई।** नातिन का जन्म दिन पर केक लेने गए नाना की झाडियों में लाश मिली। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि पावर हाउस नंदिनी रोड निवासी जय सिंह शुक्रवार उनकी नातिन का जन्म दिन था। नातिन के लिए बर्थडे केक लाने के लिए जय सिंह घर से निकले थे। जयसिंह की तबियत खराब होने के बाद भी केक लेने निकले थे। घर से सुबह 11 बजे निकले जय सिंह शाम तक अपने घर नहीं पहुचे। शुक्रवार को उनकी लाश खुर्सीपार गेट के पास झाड़ियों में मिली।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा, शरीर में होने वाले सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

आयोजन : विश्व तंबाखू निषेध दिवस पर बीके. विजयलक्ष्मी ने किया सावधान

# एक सिगरेट पीने से 6 मिनट कम हो जाता है मनुष्य का जीवनकाल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद के तत्वावधान में 31 मई को विश्व तंबाखू निषेध दिवस मनाया गया।

ब्रह्माकुमारीज द्वारा पूरे भारत में सरकार के साथ मिलकर नशा मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत कृष्ण कुंज चौपाटी एवं गंगा मैय्या मंदिर झलमला में आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन सोहन लाल टावरी, वेल जी भाई पटेल, बीके. विजयलक्ष्मी एवं गंगा मैय्या ट्रस्ट के सदस्यों ने किया। इस अवसर पर बीके. विजयलक्ष्मी ने कहा कि किसी भी व्यसन जैसे बीड़ी, सिगरेट, तंबाखू, शराब का गुलाम बनने पर व्यक्ति का चारित्रिक, शारिरिक, सामाजिक और आर्थिक पतन शुरू हो जाता है। खासकर युवा वर्ग के लोग दिन-प्रतिदिन किसी न किसी तरह के व्यसन के चुंगुल में फंस गए हैं।

- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि बालोद में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

आंकड़ों के मुताबिक एक सिगरेट पीने से जीवन में 6 मिनट की आयु कम होती है और भारत में प्रतिदिन तंबाखू या धूम्रपान के सेवन से 2500 से 3000 व्यक्ति की मौत होती है। इसके अलावा मुंह, गला, श्वांस नली व फेफड़ों का कैंसर होता है। इससे मुक्त होने के लिए राजयोग पध्दति एक ऐसी कला है, जिससे अपने विचारों को सकारात्मक दिशा दे सकते हैं और अनेक प्रकार के व्यसनों से मुक्त होने में मदद करती है। सच्ची शांति की अनुभूति अतींद्रिय सुख, कर्मेंद्रियों पर अधिकार और नशीले द्रव्यों से दूर रहने की इच्छा को मजबूत करता है।

### बुरी आदतों से निकलने में मदद करता है राजयोग

प्रतिदिन राजयोग के अभ्यास से स्वाभिमान, सहनशक्ति, सकारात्मक शक्ति को बढ़ाता है जो दुष्चक्र से निकालने में मदद करता है। बीके. नेहा बहन ने बताया कि ब्रह्माकुमारी संस्थान विश्व के 146 देशों में हजारों शाखाओं के माध्यम से राजयोग ध्यान एवं आध्यात्मिक शिक्षा द्वारा समाज में फैली विकृति और बुराईयां और नशे से दूर रहने की शिक्षा दी जाती है। हानिकारक पदार्थों से अपने आपको बचाना एवं उनसे दूर रहने के लिए जागरूक करना इस संस्था का उद्देश्य है। इस तरह इस चित्र प्रदर्शनी में संस्था से जुड़े हुए भाई बहने अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

# समर कैंप में निखरी बच्चों की प्रतिभाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय अरजपुरी में संकुल स्तरीय समर कैंप का आयोजन किया। समर कैंप में उपस्थित शिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न कराई गई। रंगोली प्रतियोगिता में माध्यमिक विभाग से पूर्वशी खैरकट्टा से प्रथम, भावना अरजपुरी द्वितीय, प्राथमिक विभाग पुनारकसा से सोनम प्रथम, नूतन खैरकट्टा द्वितीय, हासे से मोनिका प्रथम रही।

चित्रकला में माध्यमिक विभाग में खैरकट्टा से साहिल प्रथम, अनामिका अरजपुरी द्वितीय, प्राथमिक से विमल खैरकट्टा प्रथम, डिलेश्वरी अरजपुरी द्वितीय, हासे से ईश्वरी प्रथम रही। इसी प्रकार कैरम प्रतियोगिता में धमेन्द्र अरजपुरी, देवराज खैरकट्टा गगन खैरकट्टा, शतरंज में पीलेश खैरकट्टा, गौरव अरजपुरी, श्रुत लेखन में गरिमा खैरकट्टा, गौरव अरजपुरी, कमलेश खैरकट्टा, एश कुमार पुनारकसा, निबंध लेखन में गरिमा खैरकट्टा, गौरव अरजपुरी, कमलेश खैरकट्टा तथा गायन में खैरकट्टा से संजना, पूर्वशी, गगन, कमलेश, विमल व अरजपुरी से खुशी, चिरंजीव ने स्थान बनाया। सभी प्रतियोगिताओं में विजयी छात्र छात्रओं को संकुल के सभी शिक्षकों ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है। जिनमें संकुल प्राचार्य नंदलाल पिकेश्वर, संकुल समन्वयक तोमेश्वर साहू, गोपीराम ठाकुर, कौशलप्रसाद रात्रे, मिनेश देशमुख, दिलीप रावत, राममिलन नायक, श्रवण कुमार साहू, एबलसन एक्का, उमादेवी राणा, ढालेश्वरी पटेल, पवन सिंह, मधुसूदन, उषादेवी जयते, प्रीति साहू, सत्याभामा वैदे, जयंती नायक, चंद्रमणी चौहान, टीएस गोरे, एसडी दास, मंजुला गांवरे शामिल हैं।

# नन्हें बच्चों के बीच पहुंचे डिप्टी कलेक्टर रावटे, बातचीत कर उनसे सुनी कविता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

अधिकारी अनुभाग दुर्ग जिला-दुर्ग तथा साथ में डिप्टी कलेक्टर मुकेश रावटे ने एकीकृत बाल विकास परियोजना दुर्ग (ग्रामीण) के आंगनबाड़ी केन्द्र कोलिहापुरी 01, कोलिहापुरी 02, पीसेगांव 01,02,03 तथा कोनारी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र में बच्चों ने अपने द्वारा बनाई गई चित्रकारी दिखाई। बच्चों के नाम का थैला, डाक्टर सेट और वातावरण से इक्कठा की गई सामग्री लेकर बच्चों के साथ खेले व बातचीत की और उनसे कविताएं भी सुनीं। उन्होंने सभी केन्द्रों के रसोई कक्ष का निरीक्षण भी किया। बच्चों को गर्मभोजन भोजन परोसा व उनके बीच बैठकर क्या-क्या भोजन करते हो पूछा और स्वयं भी उनके साथ भोजन किया।

- क्षेत्र के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण





कोलिहापुरी केन्द्र क्रमांक 02 में भंडार कक्ष नहीं है। इसीलिए केन्द्र से लगे सामुदायिक भवन की मरम्मत करवाकर केन्द्र को सौंपने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही पोषण वाटिका में मिट्टी डलवाने एवं तार फेंसिंग को ठीक करवाने को कहा। वहीं, पीसेगांव 03 के सामने बड़ी नाली में बच्चों के गिरने का डर रहता है, जिसे ढकने और आंगनबाड़ी केन्द्र के हैण्डपम्प को केन्द्र के बाउण्ड्रीवाल के अंदर करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उत्तम ध्रुव डिप्टी कलेक्टर मुकेश रावटे एसडीएम उषा झा परियोजना अधिकारी, देवकी साहू पर्यवेक्षक सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ,सहायिका व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### पीएमश्री स्कूल जगतरा के बच्चों ने सीखीं विविध कलाएं...



**बालोद।** पीएम श्री जगतरा में बच्चों के लिए समर कैम्प का आयोजन किया गया। कैंप में छात्र-छात्राओं को हस्तकला, चित्र कला, पेन्टिंग, रंगोली, बुके बनाना, आउटडोर खेल, इनडोर खेल, वाद विवाद, डांस, सहित विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रधान पाठक खेमलता ठाकुर, अन्नपूर्णा मंडवी, संगीता तिवारी, प्रदमनी साहू, अनुपमा चौबे, तोरण लाल, पालक समिति अध्यक्ष उपस्थित थे।





### सशिमं के 43 स्वयंसेवकों ने लिया प्रशिक्षण



**गुण्डरदेही।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड गुण्डरदेही द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर कचांदूर में तीन दिवसीय आवासीय प्रारंभिक वर्ग का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण में 43 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। प्रशिक्षक के रूप में गोविंद सिंह, वेदप्रकाश, विक्रम सिंह, कौशल कुमार, घनानंद ने प्रशिक्षण दिया। व्यवस्था के रूप में सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य अशोक साहू, अंकित युगल मारकंडे, दीपक निषाद, योगेश्वर पुष्कर ने सहयोग प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान दंड संचालन योगचाप, सूर्यनमस्कार पद संचलन निरूयुद्ध पद विन्यास आदि का अभ्यास कराया गया। वर्ग अधिकारी के रूप में विनोद साहू एवं वर्ग कार्यवाहक इवन सिन्हा उपस्थित हुए, समापन समारोह के पूर्व ग्राम के कला मंच में भव्य रूप से भारत माता की आरती, भजन, हनुमान, चालीसा आदि का पाठ किया गया। रात्रि कालीन संस्कृति सत्र में अंचल के कवि केशव राम साहू ने देशभक्ति कविता पाठ कहानी लघु कथा आदि के माध्यम से इतिहास वीर महापुरुष पृथ्वीराज चौहान, शिवाजी, स्वामी विवेकानंद के जीवन गाथा से प्रेरणादाई प्रसंग को सुनाया।

# बेलोदा में गोंडवाना समाज का युवा महोत्सव 11 और 12 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी



ग्राम बेलोदा में 11 व 12 जून को युवा महोत्सव एवं दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियां जोरशोर से जारी है। कार्यक्रम की तैयारियों को शनिवार को गोंडवाना भवन डौंडी में समाज की बैठक रखी गई। बैठक में डौंडी सेक्टर के अवारी, कुमुरकट्टा, चिखली एवं डौंडी सर्कल के सभी सर्कल अध्यक्षों के साथ युवक एवं युवतियां उपस्थित रहे।

समाज प्रमुख भोलाराम नेताम, अर्जुन कुमेटी, जयस मंडावी, सोमेश सोरी, समीर धुर्वा अनिता कुमेटी, साधना सोरी की उपस्थिति में सेक्टर के युवा पदाधिकारियों का चयन किया गया। सेक्टर का युवा अध्यक्ष पवन गोटा को बनाया गया। वहीं, उपाध्यक्ष अमित नुरेटी और सत्यवती मंडावी को बनाया गया। साथ ही नितीन मरकाम, लीना मंडावी, गोमती दुग्गा, मीनु दर्रो, खिलेश्वरी दुग्गा, साहिल टेकाम, किशोर टेकाम, संदीप टेकाम, पूजा हिड़को, दिलेश्वरी मंडावी, करिश्मा गावड़े, मोना मरकाम, सौरभ उसेंडी, गोविंद गोटा, चन्द्रेश उसेंडी, नागेश्वर गोटा, तुलेश्वरी कुमेटी, पुनम कोरेटी, शिवा गावड़े, राहुल धुर्वा, देव कुमार, मन्ना लाल गावड़े, मोनिष कोरेटी, भुमिका नुरूटी, मिनाक्षी आंचला, रेशमा नुरेटी, कुशमिता टेकाम, राजेन्द्र उईके, दानु धुर्वा और देव कुमार क्वाची का नाम पीला चावल से तिलक लगाकर सुनिश्चित किया गया।

### कवि सम्मेलन में शिकसा के सदस्यों ने दी गीत व कविताओं की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में शिकसा विराट कवि सम्मेलन का आयोजन संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन विजय कुमार प्रधान कार्यक्रम प्रभारी की उपस्थिति एवं टीकाराम सारथी प्राचार्य चुरतेली की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रागिनी साहू द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना एवं हेमराज निषाद द्वारा प्रस्तुत राजगीत के साथ हुई।

प्रारंभ में प्रांताध्यक्ष कौशलेंद्र पटेल ने बताया कि 12 जून को शिकसा शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे टीकाराम सारथी ने गीत सुनाकर मंत्रमुग्ध किया। उसके बाद हेमा चन्द्रवंशी, ममता साहू, मोहित कुमार शर्मा, दिनेश कुमार दुबे, डॉ प्रमोद आदित्य, हरमन कुमार बघेल, राजीव लोचन कश्यप, माधुरी करसाल मधुरिमा, शकुंतला सहंश, मनोहर लाल यादव, शिवकुमार अंगारे, वाकेश्वरी साहू, रामलाल कोसले, रामकुमार पटेल, कुसुम जैन, ओ.पी. कौशिक रतनपुरिहा, सुनीता चौधरी, खोमन सिन्हा, पवित्रा गुप्ता, धनेश्वरी सिन्हा, उषा भट्ट आदि ने स्वरचित गीत कविता प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन उषा भट्ट एवं आभार प्रदर्शन डॉ. शिवनारायण देवांगन आस ने किया।

रायपुर में खेले गए सलेक्शन ट्रायल में किया जबर्दस्त प्रदर्शन

# अर्जुंदा के बच्चों ने छत्तीसगढ़ की टीम में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा




नगर पंचायत अर्जुंदा के वेटलिफ्टिंग विजेता खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। हाल ही में 26 मई को अस्मिता खेलो इंडिया का छत्तीसगढ़ टीम का सिलेक्शन ट्रायल पचपेड़ी रायपुर में रखा गया था।

उक्त ट्रायल में बालोद जिला के नगर पंचायत अर्जुंदा के वेटलिफ्टिंग खिलाड़ियों ने छत्तीसगढ़ की टीम में नेशनल स्पर्धा के लिए अपनी जगह पक्की की। बच्चों के कोच प्रकाश देशमुख ने बताया कि अर्जुंदा से 11 बच्चों ने भाग लिया था। ट्रायल में शामिल 40 किलो भार वर्ग यूथ में इंद्राणी साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, 59 किलो भार वर्ग जूनियर में भारती साहू ने दूसरा स्थान, 64 किलो भार वर्ग यूथ में देविका देशमुख ने तीसरा, 71 किलो भार वर्ग जूनियर एवं सीनियर में हेमा मंडावी ने पहला स्थान प्राप्त किया। इसी तरह 81 किलो भार वर्ग में अंजलि देवांगन ने यूथ एवं जूनियर में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### बच्चे अब ओडिशा में दिखाएंगे प्रतिभा

चयनित बच्चे 10 से 14 जुलाई को ओडिशा के भुवनेश्वर में अपने प्रतिभा दिखाएंगे। ये सभी बच्चे कोच प्रकाश देशमुख के मार्गदर्शन अभ्यास कर रहे हैं, जो अर्जुंदा के कन्या शाला स्कूल में कराया जा रहा है। बच्चों की इस उपलब्धि पर गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर सिंह निषाद ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से 08 जून से 14 जून 2024
जय माता दी... चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है....
सबसे कम राशि पर
माता वैष्णव देवी
हरिद्वार,मथुरा वृंदावन (श्री कृष्ण जन्मभूमि)
राशिः-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-2 एसी 21,500/ (+ 5% GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector - 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411